पेज एक के शेष

फर्जी जाति प्रमाण पत्र पर...

सरकारी नौकरी हासिल करने वाले कर्मचारियों और अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागाध्यक्षों, संभागायुक्तों, कलेक्टरों और जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को पत्र जारी कर ऐसे सभी मामलों में अब तक की गई कार्रवाई की अद्यतन(अपडेटेड) जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन शासकीय सेवकों के जाति प्रमाण पत्र को उच्च स्तरीय जाति प्रमाण पत्र छानबीन समिति द्वारा फर्जी या गलत घोषित कर निरस्त किया जा चुका है, उनकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जानी चाहिए।

सैकड़ों शिकायतें, 267 केस फर्जी प्रमाणित : छत्तीसगढ़ में फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आधार पर सरकारी नौकरी पाने के कुल 267 मामले प्रमाणित पाए गए हैं। उच्च स्तरीय प्रमाणीकरण एवं छानबीन समिति रायपुर की जांच रिपोर्ट के अनुसार, राज्य गठन से लेकर अब तक फर्जी जाति प्रमाण पत्र से जुड़ी कुल 758 शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इनमें से 669 मामलों की जांच पूरी की गई, जिनमें से 267 अधिकारियों-कर्मचारियों के दस्तावेज पूरी तरह फर्जी पाए गए। प्रमाणित पाए गए 267 मामलों में से अधिकांश मामलों (लगभग 250 से अधिक) पर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट का स्थगन आदेश प्रभावी है, जिसके कारण उनकी बर्खास्तगी पर रोक लगी हुई है।

घर में घुसे बदमाशों ने बुजुर्ग दंपति को...

पहचान 80 वर्षीय बलिराम साहू और उनकी 78 वर्षीया पत्नी कचरीबाई साहू के रूप में हुई है। सुबह परिजन घर पहुंचे तो कमरे के भीतर कचरीबाई का शव पड़ा था, जबकि बलिराम साहू की लाश घर के बाहर बाड़े में मिली। दोनों के सिर पर भारी पत्थर और नुकीले हथियार से वार किए जाने की प्राथमिक जानकारी सामने आई है। घटना की जानकारी मिलते ही परपोड़ी पुलिस के साथ बेमेतरा, बेरला और साजा थाना क्षेत्रों की पुलिस टीमें मौके पर पहुंचीं। वारदात की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया गया। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित कर साक्ष्य जुटाने शुरू किए और दोनों शवों का पंचनामा तैयार कर पोस्टमॉर्टम के लिए साजा अस्पताल भेजा।

फॉरेंसिक और साइबर टीम जांच में जुटी : घटनास्थल पर एडिशनल एसपी हरीश यादव, बेरला एसडीओपी रुचि वर्मा, थाना प्रभारी अजय सोनकर समेत साइबर सेल की टीम मौजूद रही। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। आरोपियों के आने-जाने के रास्ते और वारदात के समय क्षेत्र में मौजूद संदिग्ध लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है। एसडीओपी रुचि वर्मा ने बताया कि दोहरे हत्याकांड की जांच हर एंगल से की जा रही है। फॉरेंसिक, डॉग स्क्वायड और साइबर टीम की मदद ली जा रही है। पुलिस का प्रयास है कि जल्द आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाए। वारदात के बाद बुडेरा गांव में मातम के साथ दहशत का माहौल है।

एक साल में सड़क हादसों में 6,967...

पत्र से हाईकोर्ट संतुष्ट नहीं हुआ और इसका परीक्षण कराने की बात कही। इसके लिए कोर्ट कमिश्नरों की नियुक्ति की गई है। मामले की अगली सुनवाई एक सितंबर को होगी। दरअसल प्रदेश में सड़क हादसों के बढ़ते मामलों को देखते हुए हाईकोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई शुरू की थी।

बारिश में हाईवे पर बैठे मवेशियों ...

का काम सिर्फ मवेशी हांकना है या व्यवस्था बनाना। उन्होंने कहा कि, बिलासपुर, रायपुर आसपास के क्षेत्रों में रोज सैकड़ों वाहन गुजरते हैं, लेकिन व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

कांग्रेस ने की कड़ी निंदा, दलित विरोधी मानसिकता बताया

खड़गे की जनसभा के बाद रैली स्थल का 'शुद्धिकरण', मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭⏭ नई दिल्ली

कांग्रेस ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की जनसभा के बाद रैली स्थल का 'शुद्धिकरण' किए जाने की कड़ी निंदा करते हुए इसे दलित समाज का अपमान और 'भाजपा-आरएसएस की दलित विरोधी मानसिकता का प्रमाण बताया है। पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से इस मामले में तत्काल जवाब देने तथा घटना में शामिल लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने की मांग करते हुए स्पष्ट किया है कि वह जातिवादी सोच के खिलाफ सड़क से संसद तक अपनी लड़ाई जारी रखेगी।

भाजपा की संकीर्ण सोच उजागर

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी सैलजा, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य और कांग्रेस कार्यसमिति के स्थाई आमंत्रित सदस्य गुरदीप सप्पल ने कहा कि इस घटना ने भाजपा की संकीर्ण सोच को उजागर कर पूरे उत्तराखंड को शर्मसार किया है।

'कारोबारी माल्या और बैंकों के बीच विवाद खत्म होना चाहिए'

मुंबई। बॉम्बे हाई कोर्ट ने भारत से भागकर लंदन में बसे बिजनेसमैन विजय माल्या की याचिका पर टिप्पणी की है। पीएमएलए एक्ट में स्पेशल कोर्ट के आदेश के खिलाफ याचिका की सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि बिजनेसमैन विजय माल्या और बैंकों के बीच कमर्शियल विवाद अब खत्म हो जाना चाहिए। जस्टिस मिलिंद जाधव की सिंगल जज बेंच ने कहा कि यह मामला एक दशक से चल रहा है, इसका अब तार्किक नतीजे पर पहुंचना चाहिए। 2020 में विजय माल्या ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट की एक स्पेशल कोर्ट के आदेश को चुनौती दी थी। माल्या की तरफ से कहा गया कि उनकी संपत्ति बैंकों को सौंपने का आदेश गलत था।

राशिफल

मेष शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

मिथुन अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं असंतोष के भाव रहेंगे।

सिंह शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

कन्या क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के वादविदों से बचने का प्रयास करें।

ओडिशा में डिजिटल गवर्नेंस को कैबिनेट की मंजूरी

भुवनेश्वर। ओडिशा कैबिनेट ने बुधवार को 10 अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी। ये प्रस्ताव 6 बड़े विभागों से जुड़े हैं। इनमें ओएसडब्लूएस 3.0 लागू करने का फैसला भी शामिल है। इसका मकसद सरकारी कामकाज को इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया के जरिए आसान बनाना और डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करना है।

न्यायालय तहसीलदार धमतरी के न्यायालय मे मामला

क्रमांक: 2025071301000 17

विषय:- अ-59 मामले की श्रेणी:- राजस्व सन:- 2024-2025

धमतरी प.ह.न. 00033 [(हे.)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - आयुक्त, अनावेदक पक्षकार - छ.ग. शासन

// ईश्तहार //

सर्वसाधारण आम जनता ग्राम धमतरी को सूचित किया जाता है कि आवेदक आयुक्त, नगर पालिक निगम धमतरी, जिला- धमतरी के जापन क्रमांक आयुक्त लोक कर्म/2025/6029, धमतरी, दिनांक 17/07/2025 द्वारा ग्राम-धमतरी, प.ह.नं.-33, तहसील- धमतरी स्थित भूमि खसरा नंबर 2409, 2413, 2415, रकबा क्रमशः 0.458, 1.327, 2.144 हे., कुल रकबा 3.929 हे., में से लगभग 2.00 एकड़ को स्वच्छ भारत मिशन SWM अंतर्गत निकाय क्षेत्र में वेट वेस्ट के निष्पादन कार्य हेतु अग्रिम आधिपत्य प्रदान करने/आबंटन की मांग की गई है। प्रकरण न्यायालय कलेक्टर महोदय से न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धमतरी महोदय के माध्यम से जांच हेतु प्राप्त।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म या निकाय आदि को कोई उजर दावा या आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे इस न्यायालय में नियत सुनवाई तिथि 27/08/26 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं बाद में प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/08/26 को जारी किया जाता है।

मुहर

Shivendra Kumar Sinha
तहसीलदार, धमतरी (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम बीरगांव, जिला-रायपुर (छ.ग)

क्रमांक / 2455 / न.पा.नि. / लो.नि.वि. / 2026-27 बीरगांव,दिनांक 11/08/2026

:: मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पालिक निगम बीरगांव क्षेत्रान्तर्गत 15वें वित्त आयोग अनतर्गत विभिन्न स्थानों में सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य (विभिन्न प्रकृति के 23 कार्य) के लिए छत्तीसगढ़ के लोक निर्माण विभाग में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "ए" में छत्तीसगढ़ के पी.डब्ल्यू.डी. भवन एस.ओ.आर. 10.06.2026, रोड एस.ओ.आर. 15.06.2026 एवं (निविदा तिथि तक संशोधित) अनुसार प्रतिशत दर पर कार्य संपादन हेतु (निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि 03.09.2026 समय अपरान्ह 03:00 बजे तक) तीन लिफाफा पद्धति में निविदा आमंत्रित है।

उपरोक्त कार्यों की अनुमानित लागत, अमानत राशि, निविदा की शर्तें, निविदा दस्तावेज व कार्य से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी कार्यालयीन अवधि में नगर कार्यालय के लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम बीरगांव की वेबसाईट **www.nagarnigambirgaon.com** व संचालनालय की वेबसाईट **www.uad.cg.gov.in** से भी डाउनलोड/प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम बीरगांव
जिला-रायपुर (छ.ग.)

शब्द पहेली - 6317

बाएँ से दाए

1. बलगम-2
3. जाप,मंत्र पाठ-2

49. अप्सरा, परी -2
51. गर्भ,कोख-3
53. दंड,शिक्षा -2
20. रहस्य-2
21. कुबांन-2
23. अमुकुर्ती-3
42. रक्त-2
44. मां का प्रेम-3
46. दम-2



सूडोकु नवताल - 6327

कठिन



BETELVINE RESEARCH STATION, CHHUIKHADAN
पान अनुसंधान केंद्र, छुईखदान
Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya Dist: Khairagarh-Chhuikhadan-Gandai (CG)
Email: rars.chhuikhadan@igkv.ac.in

No./BRS/Estt-01/2026-27/219 **Chhuikhadan, Dated: 13/08/2026**

:: WALK-IN- INTERVIEW ::

Interested eligible candidates are invited to appear in a Walk-in-Interview for Guest Scientist on contractual basis in the discipline of Horticulture (01) under Betelvine Research Station, Chhuikhadan.

Last Date for submission of Application Form: 31/08/2026 (before 5.00 PM) to The Office of the Senior Scientist, Betelvine Research Station, Chhuikhadan, KCG- 491885 (CG) or through E-Mail: **rars.chhuikhadan@igkv.ac.in**.

Date and Time for Interview: 07/09/2026 (11:00 AM onwards)

Venue of Interview: DRS, Seminar Hall, IGKV, Krishak Nagar, Raipur (CG)

Detail information regarding Qualification, Application Form, Pay and other terms & conditions can be seen on Office Notice Board and University Website **www.igkv.ac.in**

Sr. Scientist
BRS, Chhuikhadan SENIOR SCIENTIST
Betelvine Research Station
Chhuikhadan (C.G.)

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम) (छ.रा.वि.न. की उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN U40108CT2003SGC015822कार्यालय, कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा)
संभाग, छत्ती.स्टेट पा. डिस्ट्री. कम्प. लिमि., पाटन
ई मेल आईडी :- eeonm.patan@cspc.co.in

क्रमांक / 37-51 / सामान्य एवं क्रय / 1653 पाटन, दिनांक 13 AUG 2026

:: सूचना ::

132/32 के.व्ही. अमलेश्वर उपकेन्द्र से 33 के.व्ही. नवनिर्मित Dedicate Feeder एवं "Bay" का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि ग्राम- खम्हरिया, मोतीपुर एवं जामगांव (एम) से होकर गुजरती है। जिसे 33 के.व्ही. परसदा फीडर से हटाकर 33 के. व्ही. Dedicate Feeder एवं "Bay" से विद्युत आपूर्ति किया जाना आवश्यक है। दिनांक 14.08.2026 दिन-शुक्रवार को या उसके बाद कभी भी इस नवनिर्मित लाईन को उर्जीकृत किया जा सकता है। अतः सर्वसम्बन्धीन को सूचित किया जाता है कि उक्त लाईनों से दिनांक 14.08.2026 को चालू मानकर सुरक्षित दूरी बनाये रखें।

"स्वहित एवं राष्ट्रहित में उर्जा बचायें"
"विद्युत देवकों का भुगतान समय पर करें एवं असुविधा से बचें"

S-48749/1

बी.पी.दीपक- 4511290
कार्यपालन अभियंता (संचा/ संधा)
संभाग छत्ती. स्टेट पावर डिस्ट्री. कम्प. लिमि. पाटन

कार्यालय, नगर पालिक निगम, भिलाई

क्र./ जन स्वा.वि./4235/2026/173 //ई-प्राक्यूरमेंट निविदा सूचना// भिलाई, दिनांक 06-08-26

Main Protal- https://eproc.cgstate.gov.in

नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 अन्तर्गत नगर पालिक निगम भिलाई में सूखे एवं गीले कचरे के प्रबंधन हेतु संयंत्रों की स्थापना तथा संयत्रों के उन्नयन / विकास हेतु ई-टेंडर आमंत्रित की गई है जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर नं.	Bid Submission Start Date	Bid Due Date	Physical Doc submission End Date	Bid Open Date (Scheduled)
1	196861	04/08/2026, 05:30 PM	27/08/2026, 05:30 PM	01/09/2026, 05:30 PM	02/09/2026, 10:30AM

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निगम, भिलाई

---

pnb Housing Finance Limited

शा.का.-रायपुर: तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़।

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अध्याय III की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना जिला (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(1) के परंतुक सहित पठित प्रवर्तन अधिकारी को दी गई शक्तियों के अंतर्गत सांकेतिक कब्जा सूचना

पंजीकृत कार्यालय: नौवीं मंजिल, अंतरिक्ष भवन, 22 के.जी. मार्ग, नई दिल्ली - 110001, फोन: 011-23357171, 23357172, 23705414, वेबसाइट:-www.pnbhousing.com

पंजाब नेशनल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (इसके बाद 'पीएनबीएचएफएल' के रूप में संदर्भित) के वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद 'अधिनियम') के तहत में संदर्भित) के प्रावधान एवं धारा 13(2) के तहत अपने रजिस्टर्ड कार्यालय, तीसरी मंजिल, नीलय आइकॉनिक, 28/620, शंकर नगर, रायपुर 492001, छत्तीसगढ़ के माध्यम से जारी पत्रों की